आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त
# यश भारत
नये जमाने के साथ
● वर्ष- 15 अंक 341● कटनी ● मंगलवार, 18 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-1 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

## पूर्वोत्तर के दो राज्यों में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर के दो राज्यों में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। मिजोरम में सुबह 7 बजकर 52 मिनट पर भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र यहां के नगेपा इलाके से 46 किमी पूर्वोत्तर दिशा में था।

## नहीं थम रहा ठंड का कहर, कांप रहा मप्र

**नई दिल्ली।** मौसम साफ होने के बाद कोहरा छंट गया। उत्तरी राज्य ही नहीं, मध्य भारत में भी सुबह की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई।देश की राजधानी दिल्ली में कड़कड़ाती ठंड और सर्द हवाओं का दौर से लोग बेहाल है। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू-कश्मीर और उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में हो रही जबरदस्त भारी बर्फबारी के चलते दिल्ली के तापमान पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। मध्यप्रदेश में भी ठंड का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश की राजधानी 21 घंटे कोहरे की चादर से ढंकी रही। 11 घंटे ओस गिरती रही। मौसम वैज्ञानिक पीके साहा ने बताया कि राजधानी में 10 साल बाद जनवरी के मौसम में ऐसी नौबत आई।



## 26 को पीएम मोदी को टारगेट कर साजिश रच रहे आतंकी

**नई दिल्ली।** खुफिया एजेंसियों को गणतंत्र दिवस पर संभावित आतंकी साजिश के बारे में अलर्ट मिला है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की जान को खतरा बताया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नौ पत्रों की खुफिया जानकारी में पीएम मोदी और उन हस्तियों के लिए खतरा बताया गया है जो भारत के 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे। गणतंत्र दिवस पर पांच मध्य एशियाई देशों- कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उजबेकिस्तान के नेताओं को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने की संभावना है। नोट में बताया गया है कि यह खतरा पाकिस्तान/अफगानिस्तान-पाकिस्तान के बाहर स्थित गुटों से है।रिपोर्ट के मुताबिक, आतंकी संगठनों का उद्देश्य बड़ी हस्तियों को टारगेट करना, सार्वजनिक सभाओं, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अशांति फैलाना है।



## एजु-टेक कंपनियों-कॉलेजों के जॉइंट कोर्स से सतर्क रहें

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने यूनिवर्सिटी, कॉलेजों सहित अन्य शिक्षण संस्थानों को एजु-टेक कंपनियों से मिलकर दूरस्थ और ऑनलाइन मोड में कोर्स चलाने पर चेतावनी दी है। दोनों उच्च शिक्षा नियामकों ने कहा है कि यूनिवर्सिटी, कॉलेज या संस्थान को किसी भी फ्रेंचाइजी से समझौता कर पाठ्यक्रम चलाने की अनुमति नहीं है। यह नियमों का उल्लंघन है।छात्र-अभिभावकों को सुझाव दिया है कि दाखिले से पहले यूजीसी और एआईसीटीई की वेबसाइट पर मान्यता स्थिति की जांच अवश्य करें। यूजीसी सचिव रजनीश जैन ने जारी आदेश में कहा है कि उच्च शिक्षण संस्थान किसी फ्रेंचाइजी व्यवस्था के तहत मुक्त, दूरस्थ या ऑनलाइन पाठ्यक्रम नहीं चला सकते। ऐसी कंपनियों और संस्थानों पर कार्रवाई की जाएगी।




## आज रात दुर्लभ घटना पृथ्वी के करीब से गुजरेगा एस्टेराइड

नैनीताल । विश्वभर के खगोल विज्ञानी मंगलवार को बहुत सतर्क रहने वाले हैं। वजह है बहुत अधिक रफ्तार से एक बेहद विशाल एस्टेरॉइड के पृथ्वी की देहरी तक आ जाने की दुर्लभ घटना। भारतीय समय के अनुसार मंगलवार की रात करीब 3ः21 बजे कुतुबमीनार से 11 गुना बड़ा एक किमी (3280 फुट) लंबा एस्टेरॉइड करीब 20 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से पृथ्वी से 19 लाख किमी की दूरी से गुजरेगा। इस एस्टेरोइड का नाम (7482) 1994 पीसी-1 है।अंतरिक्ष के हिसाब से यह दूरी बहुत ही कम है और आमतौर पर एस्टेरॉइड इससे कई गुना ज्यादा दूरी से ही गुजर जाते हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इसके विशाल आकार और गति को देखते हुए इसे संभावित खतरनाक एस्टेरॉइड की श्रेणी में रखा है। इस एस्टेरॉइड की खोज ऑस्ट्रेलिया की वेधशाला से 1994 में खगोलविद रॉबर्ट मैकनॉट ने की थी।



# कोरोना से मप्र में 3 और मौतें

## इंदौर में 2106, भोपाल में 1339 और जबलपुर में 453 नए केस आए

**भोपाल।** 24 घंटे में मध्यप्रदेश में 7154 पॉजिटिव केस मिले। एक्टिव केस बढ़कर 39450 हुए। 988 अस्पताल में भर्ती हैं। 239 कोविड केयर सेंटर में इलाज करा रहे हैं। पॉजिटिविटी रेट 9.72प्रतिशत हो चुकी है। इंदौर में कोरोना ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। सोमवार रात आई रिपोर्ट में 2106 पॉजिटिव मिले। यह अब तक का रिकॉर्ड है। एक की मौत भी दर्ज की गई है। भोपाल में 1339 कोरोना पॉजिटिव मिले। जबलपुर में भी 453 नए केस आए हैं। एक संक्रमित ने दम तोड़ दिया। रीवा में भी एक मौत दर्ज की गई है। सागर में सोमवार को 307 कोरोना की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके अलावा भोपाल संभागायुक्त गुलशन बामरा की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। ग्वालियर के सिंधिया स्कूल फोर्ट में लगातार तीसरे दिन कोरोना विस्फोट हुआ है। यहां 24 घंटे में 28 और कर्मचारी संक्रमित मिले हैं। सभी होम आइसोलेट कर दिए गए हैं। एक दिन पहले 49, दो दिन पहले 11 संक्रमित मिल चुके हैं। जय विलास म्यूजियम के भी 24 वर्कर संक्रमित आए हैं। ग्वालियर में 524 कोविड संक्रमित मिले हैं। 458 संक्रमित ग्वालियर और 57 अन्य शहरों से हैं। इंदौर में दो एडीसीपी समेत 44 पुलिसकर्मी संक्रमित इंदौर में तीसरी लहर में सोमवार तक पुलिस विभाग में 44 लोग संक्रमित हो चुके हैं।



## 24 घंटे में 2.35 लाख मामले सामने आए, 305 मरीजों की मौत, लगातार दूसरे दिन घटे केस

नई दिल्ली। देश में लगातार दूसरे दिन कोरोना के मामले घटे हैं। सोमवार को देर रात तक कोरोना के मामलों की संख्या 2 लाख 35 हजार 168 थी। इस दौरान 305 लोगों की मौत हुई। 1 लाख 56 हजार 534 मरीज ठीक भी हुए। देश में फिलहाल एक्टिव केस की कुल संख्या 17 लाख 28 हजार 490 है। इससे पहले रविवार को 2 लाख 58 हजार 89 नए केस दर्ज किए गए थे। 385 लोगों की मौत हुई थी। 1 लाख 51 हजार 740 मरीज ठीक हुए थे।

### पूरी जिंदगी नहीं लगाना पड़ेगा मास्क

नई दिल्ली। दुनिया भर में फैली कोरोना महामारी का अभी अंत नहीं दिख रहा है। यह भी नहीं कहा जा सकता है कि कब तक हम लोगों को मास्क लगाना पड़ेगा और सावधानियां बरतनी पड़ेंगी। लेकिन इतना तय है कि हमें पूरी जिंदगी मास्क नहीं लगाना होगा और जल्दी ही इस महामारी पर काबू पा लिया जाएगा। वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम को संबोधित करते हुए अमेरिका के महामारी विशेषज्ञ एंथनी फाउची ने सोमवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी जल्द खत्म होने वाली नहीं है। ओमिक्रॉन इसका आखिरी स्वरूप नहीं होगा। इसके साथ ही उन्होंने इस संभावना से भी इनकार किया कि कोविड के चलते लोगों को हमेशा मास्क पहनना पड़ेगा।

## रीवा में एक युवक को प्रेमिका के पिता ने जिंदा जलाया, गंभीर

**भोपाल,** । रीवा जिले के चाकघाट थाना अंतगर्त मलतार गांव में एक युवक अपनी प्रेमिका से मिलने गया था जिससे नाराज प्रेमिका के पिता ने उसे जिंदा जलाने की कोशिश की। युवक को गंभीर हालत में रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी प्रेमिका के पिता को हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है कि रीवा जिले के चाकघाट थाना अंतर्गत मलतारा गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जंहा पर प्रेमी से मिलने गए सोहागी थाना अंतर्गत डेढ़रा गांव के रहने वाले रामाश्रय कोल नाम के युवक को प्रेमी के पिता ने जिंदा जला दिया। जिस महिला से युवक मिलने गया था उस महिला को उसके पति ने छोड़ दिया है। वह उससे प्रेम करने लगा है और अक्सर मिलने जाता रहता था। इस पर महिला के पिता ने शादी होने तक मिलने से रोका था। शादी से पहले युवक का बार-बार घर आना उसके पिता को पंसद नहीं था।

## बांधवगढ़ और कान्हा नेशनल पार्क में एयर सफारी होगी शुरू

**भोपाल** । मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ और कान्हा नेशनल पार्क में एयर सफारी की शुरुआत की जाएगी। इसकी योजना तैयार कर ली गई है। इसको लेकर एरो स्पोर्टस एंड एडवेंचर्स कंपनी के सीइओ मनीष सैनी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की और योजना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एयर सफारी के लिए दो से 14 सीटर एयर क्राफ्ट उपयोग में लाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस पहल की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि कोरोना की लहर थमते ही पर्यटन की गतिविधियों का विस्तार होगा। मंत्रालय में हुई इस मुलाकात में सैनी ने बताया कि एयर सफारी में जो एयर क्राफ्ट उपयोग में लाए जाएंगे, उनका निर्माण भी मध्य प्रदेश में हो, इसके प्रयास किए जा रहे हैं। विमानन विभाग के सहयोग से दो माह में इस पर काम शुरू करने की योजना है। इसके साथ ही प्रथम स्पोर्टस एयर क्राफ्ट एयर शो करने पर भी विचार किया जा रहा है। एयर सफारी प्रारंभ होने से नेशनल पार्क के भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटक हवाई पर्यटन का भी आनंद ले सकेंगे।



## सुप्रीम कोर्ट को बेघर बच्चों की चिंता-3 हफ्ते में मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना महामारी के दौरान सड़कों पर रह रहे अनाथ बच्चों के पुनर्वास से जुड़े मामले में फिर केंद्र और राज्यों के प्रति नाराजगी जाहिर की है। जस्टिस एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली बेंच ने सोमवार को कहा, सरकार कोरोना की तीसरी लहर से निपटने में व्यस्त है। यह बात हम समझते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप अनाथ बच्चों की तत्काल जरूरतों को नजरअंदाज करें। हम दो साल से इस बारे में आदेश जारी कर रहे हैं। राज्य हमारे आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहे। ऐसा रहा तो हमें सख्त कदम उठाने होंगे।सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, ओडिशा से बच्चों की पहचान और पुनर्वास में तेजी लाने को कहा। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की ओर से बताया गया कि ज्यादातर प्रशासनिक अधिकारी कोरोना की तीसरी लहर से जूझने में व्यस्त हैं।



## नोटों की बारिश के लिए बाघ की खाल लेकर कर रहे थे तंत्र साधना, दो तांत्रिक अरेस्ट

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा से वन विभाग की टीम ने तंत्र साधना से नोटों की बारिश का दावा करने वाले तांत्रिकों समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से बाघ की खाल भी बरामद हुई है। वन विभाग की टीम ने बालाघाट जिले के लामता वन परिक्षेत्र अंतर्गत चांगोटोला से तंत्र साधना करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया था। चांगोटोला में गिरफ्तार हुए तांत्रिक सीताराम और रामराज की निशानदेही पर वन विभाग की टीम ने सोमवार को छिंदवा ?ा के हर्रई थाना क्षेत्र के शिवराज, सेवन शाह, समन समेत 40 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## बाल-बाल बचे- अब पटरी से उतरी वास्को-डी-गामा हावड़ा अमरावती एक्सप्रेस, सभी यात्री सुरक्षित

**करेलकाता** । कोलकाता के बाद एक बार फिर बड़ा रेल हादसा होते बचा। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार सुबह 8ः56 बजे वास्को-डी-गामा हावड़ा अमरावती एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, गोवा में दूधसागर और कारंजोल के पास ट्रेन के लोको के अगले पहिए पटरी से उतर गए, जिस कारण यह हादसा हुआ।इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।




## चाइनीज मांझा बेचने वालों के अवैध घरों पर चला शिवराज सरकार का बुलडोजर

### उज्जैन में गला कटने से हुई थी युवती की मौत

उज्जैन। महाकाल की नगरी उज्जैन में चाइनीज मांझा बेचने वाले तीन आरोपियों के अवैध घरों पर शिवराज सरकार का बुलडोजर चला है। उज्जैन में पतंग के चीनी मांझे से एक युवती की गला कट जाने से हुई मौत के एक दिन बाद रविवार को पुलिस ने शहर में इन माझों को बेचने वाले तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। युवती की मौत के बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उज्जैन कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा, च्हमने चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए धारा 144 के आदेश सर्कुलेट किए थे, लेकिन बिक्री बंद नहीं हुई। इसके बाद जब आरोपियों के यहां से बड़ी मात्रा में चाइनीज मांझा बरामद हुआ और उनकी हिस्ट्रशीट भी खंगाली गई तो हमने कड़ी कार्रवाई करने का फैसला किया। इसी के तहत प्रतिबंधित मांझे की बिक्री को रोकने के लिए हमने उनके च्अवैधज घरों को ध्वस्त कर दिया। आपको बता दें कि उज्जैन शहर के माधवनगर पुलिस थाने इलाके में जीरो प्वाइंट पुल पर शनिवार को पतंग के चाइनीज मांझे (चीन से आयातित कांच पाउडर मिश्रित डोरी) से स्कूटी पर जा रही 20 वर्षीय नेहा आंजना की गला कट जाने से मौत हो गई थी।



## चिकित्सा विशेषज्ञों के 25 प्रतिशत पदों पर होगी सीधी भर्ती

# घरेलू हिंसा की पीड़िता को मप्र सरकार देगी चार लाख

**भोपाल** । मध्य प्रदेश में घरेलू हिंसा की पीड़ित बालिका या महिला को मध्य प्रदेश सरकार आर्थिक सहायता देगी। इसके लिए घरेलू हिंसा की पीड़िता के लिए नई सहायता योजना लागू की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे मंगलवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें पीड़िता को शरीर के किसी भी अंग की क्षति 40 प्रतिशत से कम होने पर दो लाख और इससे अधिक होने पर चार लाख रुपये तक सहायता दी जाएगी। वहीं, चिकित्सा विशेषज्ञ के रिक्त पदों को भरने के लिए 25 प्रतिशत पद अब सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जाएंगे। शेष पदों पर क्रमोन्नति का लाभ दिया जाएगा। कैबिनेट में 18 प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में मध्य प्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना लागू है लेकिन इसमें सभी प्रकार की हिंसा शामिल हैं।



### 3618 विशेषज्ञ के पद में से 2899 पद

बैठक में स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ के 25 प्रतिशत पदों की पूर्ति सीधी भर्ती के माध्यम से करने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। मध्य प्रदेश में 3618 विशेषज्ञ के पद में से 2899 पद रिक्त हैं। विभाग ने विशेषज्ञों के 25 प्रतिशत यानी 904 पद सीधी भर्ती के माध्यम से भरने का प्रस्ताव तैयार किया। साथ ही पीजी चिकित्सकों को विभाग की सेवाओं के लिए आकर्षित करने के लिए चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यग्रहण करने के दो साल बाद क्रमोन्त वेतनमान स्वीकृत किया जाएगा। इसी तरह पांच स्वशासी इंजीनियरिंग कालेज और 67 पालीटेक्निक में अतिथि व्याख्याता को प्रतिमाह 30 हजार रुपये मानदेन देने का प्रस्ताव है।

## मंदिर में चढ़ रही थी बलि

## बकरे की जगह उसे पकड़ने वाले की गर्दन काट दी

**नई दिल्ली।** ऐसा कई बार देखा जाता है जब त्यौहारों के दौरान लोग अपनी आस्था के चलते जानवरों की बलि चढ़ा देते हैं। कई बार बलि के दौरान कुछ ऐसे मामले सामने आ जाते हैं जो चर्चित हो जाते हैं। ऐसा ही एक मामला हाल ही में आंध्र प्रदेश से सामने आया है जहां त्यौहार के अवसर पर बकरे की बलि चढ़ाई जा रही थी लेकिन जो शख्स बकरे की गर्दन काटने वाला था उसने बकरे की बजाय उस शख्स की गर्दन काट दी तो उस बकरे को पकड़े हुए था।दरअसल, यह घटना आंध्र प्रदेश के चित्तूर की है। न्यू इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यहां स्थित वलसापल्ले के एक मंदिर में संक्रांति के अवसर पर बलि का आयोजन किया जा रहा था। बताया गया कि यहां आसपास के लोग हर साल संक्रांति समारोह के दौरान जानवरों की बलि देते हैं और स्थानीय येल्लम्मा मंदिर में चढ़ाते हैं। हमेशा की तरह इस बार भी यहां इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। इस कार्यक्रम के लिए एक बकरे को लाया गया था।

## अमेरिका में बैठे-बैठे दो भाइयों ने कानपुर में अपना घर को लुटने से बचाया

कानपुर। टेक्नोलॉजी का आज के समय में कितना विकास हो चुका है यह बात कानपुर की एक घटना से साफ होती है, जहां दो भाइयों ने अमेरिका से बैठे-बैठे अपने कानपुर स्थित घर को लुटने से बचा लिया। जानकारी के अनुसार कानपुर के श्याम नगर निवासी हरिओम अवस्थी, विजय अवस्थी अमेरिका में इंजीनियर के पद पर तैनात हैं। उन्होंने अपने घर को सुरक्षित रखने के लिए मोशन सेंसर कैमरा लगाए हैं। सोमवार देर रात उनके घर में कुछ चोर घुस गए। जो कैमरे में कैद हो गए। अमेरिका से विजय ने पड़ोसी को फोन कर बताया कि उनके घर में चोर घुसे हैं। सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। आनन-फानन डीसीपी पूर्वी के साथ भारी संख्या में फोर्स पहुंची। मुठभेड़ में एक चोर को पैर में गोली लगी है।विजय की बर्रा और यशोदा नगर में दो बहनें रहती हैं। उन्होंने बताया कि, रात करीब 12ः00 बजे भैया का फोन आया था। नेट ऑफ होने की वजह से उन्हें पता नहीं चला जब देखा तो फौरन उनसे बात की, जिस पर पता चला कि घर में चोर घुसे हैं। इसके बाद वह चाबी लेकर श्याम नगर पहुंचीं। पुलिस ने चाबी से घर का ताला खोलकर पूरे घर की तलाशी ली। डीसीपी पूर्वी ने बताया घायल अवस्था में एक बदमाश को हैलट में भर्ती कराया गया है बाकी दो फरार हो गए हैं।


टेक्नोलॉजी का कमाल



# 20 हजार कार्यकर्ता, 10 दिन 10 घंटे प्रतिदिन, अर्थात 20 लाख घंटे का समर्पण

## भाजपा का महाभियान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भी कल कटनी में बनेंगे विस्तारक




**कटनी।** भाजपा का बूथ विस्तारक अभियान बेहद वृहद स्तर पर शुरू हो रहा है। बूथ विस्तारक अभियान में इस बार संगठन टेबिल पर बैठक कर बूथों की इतिश्री नहीं कर सकता क्योंकि संगठन पर्व की एप से लेकर तमाम जतन पार्टी ने ऐसे किये हैं जिनसे भौतिक सत्यापन किया जाएगा। और तो और कटनी सहित कई जिलों में बूथ स्तर पर जाकर बड़े नेता इसकी हकीकत पता करेंगे। पूरी पार्टी फिलहाल इसी अभियान में जुटी है। कटनी चूंकि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व्हीडी शर्मा का संसदीय क्षेत्र भी है लिहाजा यहां जिम्मेदारियां भी बड़ी हैं। आज देर रात श्री शर्मा कटनी पहुचेंगे कल 19 जनवरी को सुबह कुछ सरकारी आयोजनों के बाद मुड़वारा विधानसभा के सम्मेलन को संबोधित करेंगे इसके बाद वह किसी अन्य विधानसभा में पहुंच कर बूथ विस्तारक योजना की गति को परखेंगे।

### अगले 20 दिन सब व्यस्त

अगले 20 दिनों तक पार्टी बूथ विस्तार के लिए तमाम प्रयास करेगी। जिसका काम तो बीते एक माह पहले शुरू हो गया था लेकिन अब प्रमुख कार्य शुरू होने वाला है। सभी विधानसभाओं में एक एक बूथ पर कम से कम 10-10 नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने की मुहिम चलेगी। इन नए कार्यकर्ताओं का पूरा डेटाबेस संगठन पर्व की ऐप पर संग्रहित रखो जाएगा। इस ऐप में जीपीएस के माध्यम से किस बूथ तक कौन पहुंच रहा है। तथा एप के लिए बनाए गये एप विस्तारकों पर नजर रखी जाएगी। नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम सिर्फ कागजी नहीं होगा बल्की इस ऐप पर उस नए व्यक्ति कर पूरी जानकारी के साथ कुछ फोटोग्राफ भी अपलोड किये जाऐंगे।

### सभी प्रमुख बड़े नेता 10 दिन रहेंगे विधानसभाओं में

भाजपा के बूथ विस्तारक योजना के साथ इसे आने वाले विधानसभा और लोकसभा की तैयारियों से भी जोड़ कर देखा जा रहा है मतलब जब पार्टियां पंचायत तथा निकाय चुनाव के जुटीं हैं तब भाजपा की तैयारी दो कदम आगे चल रही है। दरअसल संघ पैटर्न पर इस अभियान में कैडर को मजबूत करना पार्टी की लक्ष्य है। खास बात यह है कि बतौर विस्तारक संगठन के प्रमुख व्यक्ति ही नहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह उनकी पूरी केबिनेट निगम मंडलों के चेयरमैन तथा हर वो कार्यकर्ता जो किसी भी स्तर को दायित्व रखता है इस अभियान में जुटेगा। इस अभियान की मानीटरिंग प्रतिदिन शाम को होगी। मतलब साफ है भाजपा विस्तारक योजना को बड़े अभियान के रूप में चलाएगी।

# एमएसटी शुरु कराने किसी को रुचि नहीं




**कटनी।** पिछले दो साल से ट्रेनों की समस्या से जूझने के बाद अब जब कुछ ट्रेनें शुरू की गई है तो एमएसटी की सुविधा अभी भी बहाल नहीं हुई। ऐसे में अपडाउनर्स खासी परेशानी में हैं। कटनी जिले में जबलपुर, शहडोल सतना मैहर दमोह सहित अन्य शहरों से आने-जाने वाले कर्मचारियों के अलावा सैंकड़ों व्यापारी भी इस संकट से जूझ रहे हैं। देश के कई हिस्सों में एमएसटी की सुविधा लोगों को दे दी गई है लेकिन कटनी के अपडाउनर्स को यह सुविधा अभी तक नहीं मिल पाई है। इस समस्या को लेकर अपडाउनर्स कई बार अपनी बात रेलवे के अधिकारियों के सामने रख चुके हैं लेकिन उनकी बातों को अनसुना कर दिया जाता है। कुछ महीने पहले महाप्रबंधक के आगमन पर अपडाउनर्स ने उनसे मुलाकात की थी और एमएसटी की सुविधा फिर से चालू कराने की मांग उनके सामने रखी थी जिस पर आश्वासन के बाद भी अभी तक ध्यान नहीं दिया गया है।

### शटल ट्रेन की भी हो रही है मांग

चिरमिरी से कटनी तक चलने वाली शटल पैसेंजर ट्रेन को फिर से चलाने की मांग उठने लगी है। गत दिवस शहडोल के अपडाउनर्स ने लोगों को होने वाली समस्याओं से भी अवगत कराया। इसी तरह क्षेत्रीय सांसद से भी कई बार मांग की गई। जानकारी के अनुसार कटनीा जिले के लोगों की कुछ पुरानी मांगे हैं जिस पर भी रेलवे के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इनमें राज्यरानी एक्सप्रेस को कटनी तक बढ़ाने, कोरोना के कारण स्थगित ट्रेनों को फिर से पटरी पर लाने, कटनी से होकर कुछ ट्रेनों का संचालन आरक्षण में कटनी का कोटा बढ़ाने, वाशिंग पिट के साथ न रूकने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज उमरिया, शहडोल और अनूपपुर के लोगों को नगापुर से जोड़ने वाली एक ट्रेन की लंबे समय से की जा रही है लेकिन इस पर आज तक ध्यान नहीं दिया गया।

## संक्षिप्त

### फिर से कटनी को स्वच्छता में अव्वल बनाने के लिए जुटा नगर निगम का अमला



**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था को स्वच्छता के निर्धारित मापदडों के अनुरूप सुचारू रखते हुए नगर को स्वच्छता के उच्च शिखर का दर्जा दिलाने के लिए जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना प्रयास किये जा रहे हैं। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि सुबह सफाई व्यवस्था के माध्यम से मदन मोहन चौबे वार्ड मुख्य मार्ग स्थित देशी शराब दुकान के पीछे खदान के पास की झाडियों की कटाई एवं आसपास व्याप्त गंदगी की सफाई का कार्य कराया गया। नगर के अन्य मुख्य स्थलों बस स्टेण्ड परिसर, चांडक चौक, मिशन चौक, घंटाघर प्वाइंट, जालपा देवी वार्ड स्थित कुकर गली, महात्मा गांधी वार्ड जैन मंदिर गली सहित अन्य की विभिन्ना गलियों, राम जानकी हनुमान वार्ड पुराना थाना एन.के.जे मेन रोड, शिवाजी वार्ड स्वास्थ्य केन्द्र के पास, स्टेट बैंक तिराहा, सिविल लाईन, जिला चिकित्सालय से निकलने वाले वेस्ट का उठाव का कार्य, आचार्य कृपलानी वार्ड मुख्य मार्ग कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला, द्वारिका सिटी के विभिन्ना मार्गो, डॉ जाकिर हुसैन वार्ड स्थित संजयनगर मैदान की सफाई सहित नगर के अन्य स्थलों में सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया।

### जन्म भूमि को संवारने जुटे योगी त्यागी महराज

**कटनी।** अपनी जन्म भूति को तीर्थ धाम बनाने के लिए त्यागी महराज जुटे हैं। बिलायत में योगी संत त्यागी जी महाराज ने अपने जन्म भूमि को स्वर्ग बनाने का संकल्प लिया है और निरंतर साधना संकल्प के साथ इस दिशा में सतत प्रयास कर रहे हैं समाज सेवा के क्षेत्रमें सराहनीय अविस्मरणीय कार्य कर रहे हैं। गरीबों को भोजन वस्त्र देने के साथ-साथ देश के भावी पीढ़ी बच्चों के लिए समर्पित भाव से उन्हें संस्कार और शिक्षा दे रहे वही सर्वधर्म तीर्थ धाम स्वर्गनगरी बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है अपने मित्रों के साथ विचार साझा करते हुए एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने सभी का आभार जताया

# सुरम्य पार्क में रही सांस्कृतिक गतिविधियों की धूम

## आनंद उत्सव के तहत आयोजित हुईं विविध स्पर्धाएं





**कटनी। आनंद विभाग एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास, संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा 14 से 28 जनवरी के दौरान प्रदेश में आनंद उत्सव 2022 का आयोजन किये जानें के निर्देश प्रदान किये गए है। जारी निर्देशों के परिपालन में नगर पालिक निगम कटनी एवं आनंद संस्था कटनी द्वारा कटायेघाट स्थित सुरम्य पार्क में आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, आनंद संस्था डिस्ट्रिक्ट प्रोगाम लीडर अनिल काबले, स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी आदेश जैन, मनीष कांबले, रश्मि खरे सहित नगर निगम के अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में सुरम्य पार्क में खेलकूद गतिविधियां म्यूजिकल चेयर रेस, सुई धागा दौड के साथ ही डांस प्रतियोगिता, नुक्कड नाटिका का आयोजन किया गया।**

आनंद उत्सव कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम लगभग 25 महिला पुरूष प्रतिभागियों की सामूहिक म्यूजिकल चेयर रेस का आयोजन किया गया। आयोजित रेस में महिलाओं एवं पुरूषों नें उत्साह के साथ रेस लगाई और खेल का आनंद लिया। रेस के अंत में तीन महिला प्रतिभागियों शिखा, सुरभि, काजल के बीच मुकाबला रहा जिसमें शिखा नें बाजी मार ली, द्वितीय स्थान सुरभि एवं तृतीय स्थान पर काजल रही। कार्यक्रम के दूसरे पार्ट के तहत नृत्य कार्यक्रम के आयोजन में पलक, रोशनी, रीता भूमिया, नेहा सिंह तथा अन्य नें अपनी कला का प्रदर्शन कर आनंद प्राप्त किया। आनंद संस्थान की टीम के सदस्यों द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से झगड़े क्यों होते है इसका जोरदार प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों को झगडें होनें की वास्तिव कारणों से अवगत कराते हुए परिवार के सदस्यों की हर एक बात पर ध्यान देनें की सीख प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सुई धागा रेस का आयोजन किया गया जिसमें पिंकी गुप्ता, सुजाता वास्निक, सरभि, खुशबू, एवं शिल्पी ने भागीदारी करते हुए रेस लगाई एवं दौड लगाकर सुई में सर्वप्रथम सुजाता वास्निक नें धागा पिरोकर प्रथम स्थान हासिल किया द्वितीय स्थान पर पिंकी गुप्ता रही। कार्यक्रम के अंत में निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा विजेता प्रतिभागियों सहित अन्य प्रतिभागियों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



# जगमोहनदास वार्ड के नागरिकों की मिली सड़क की सौगात

## विधायक की उपस्थिति में पार्षद ने किया भूमिपूजन

**कटनी।** जगमोहनदास वार्ड में क्षेत्रवासियों द्वारा की जा रही सड़क निर्माण की मांग पूरी हो गई है। वार्ड की निवर्तमान पार्षद श्रीमती पार्वती जयनरायण निषाद के प्रयासों से नगर निगम प्रशासन द्वारा वार्ड में दो सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़क के निर्माण से वार्ड के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। जगमोहनदास वार्ड में संतनगर चौक से निषाद चौक तक करीब 13 लाख एवं एवं श्री ठारवानी के मकान से श्री चक्रवती के मकान तक 4 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड के निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल की उपस्थिति में निवर्तमान पार्षद श्रीमति पार्वती निषाद द्वारा किया गया। इस मौके पर पूर्व पार्षद जयनारायण निषाद, भाजयुमो नेता श्याम निषाद, नगर निगम के उपयंत्री सुनील सिंह, किशन चक्रवर्ती सहित वार्ड के नागरिकों की उपस्थिति रही। सड़क के निर्माण को लेकर वार्ड के लोगों ने आभार जताया है।



# लोगों को बांटे मास्क, कोरोना को लेकर किया जागरूक

**कटनी।** भाजयुमो मुड़वारा मंडल द्वारा सुभाष चौक एवं दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में मंडल अध्यक्ष पारस जैन के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने मास्क एवं सेनेटाईजर का वितरण किया एवं लोगों को अधिक से अधिक मास्क एवं सैनेटाईजर का उपयोग करने की नसीहत दी। बढ़ते कोरोना केस को देखते हुए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दीपक टण्डन, मुड़वारा मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकर, शैलेन्द्र चनपुरिया, मनीष त्रिसोलिया, सन्तोष पटेल, नीलेश ताम्रकार, भावेष रजक, हितेश बिलैया, धीरज कश्यप, दीपांशु नामदेव, ऋषभ गुप्ता, निशांत पटेरिया, रिंकू बर्मन, शुभम जार एवं अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# रांगोली में दिखी देशभक्ति की झलक





**कटनी।** भारतीय संस्कृति मंत्रालय के आदेशानुसार रंगोली प्रतियोगिता आयोजन सुश्री मीरा भार्गव कार्यकारी अध्यक्ष संस्कार भारती के निर्देशन में दिनेश पांडेय की अध्यक्षता मुख्यातिथि नालंदा विद्यालय की प्रिंसिपल भारती निगम, विशिष्ठतिथि शोभना सिंह, अनु मेहता, कल्पना मैडम, स्नेहलता नोगरहिया राकेश चौधरी रहे। गीता पांडेय, अनिता सिजारिया और माया तिवारी द्वारा गीत के साथ कार्यक्रम शुरू किया गया रंगोली विधा प्रमुख अनीता वैश्य के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी वीरेंद्र श्रीवास्तव नवीन गुप्ता, राजेश बरसैन्या, अशोक तिवारी, श्रेयस पांडेय सभी विधा प्रमुख मातृ शक्ति श्रीमती हीरामणि बरसैंया, गीता पांडेय, नीता सिजारिया, शशि दुबे,गीता बरसैंया, आकांक्षा बरसैन्या, माया तिवारी, रोशनी गुप्ता आदि की उपस्थिति में यह गरिमामय कार्यक्रम संपन्न हुआ। 40 बच्चों ने हिस्सा लिया और देशभक्ति को समर्पित एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई । चित्र बनाये गए। प्रथम पुरुस्कार राशि कोटवार, द्वितीय पुरुस्कार, अर्पिता नोगरहिया, तृतीय पुरुस्कार श्रीमती, आयुषी सेन, सांत्वना पुरस्कार, श्रीमती शेफाली वैश्य, अंजली तीर्थानि, राखी कुशवाहा को प्रदान किया गया।

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार 22वें दिन की ओर
रोजाना 3 शो ता. 14 से
दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास-100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार पाचवां सप्ताह



रोजाना 3 शो तारीख 15 से 1, 3.30 एवं सायं 6.30 बजे से (हिन्दी में)
SPIDERMAN
(FLAT RATE 100/-)
कलाकार
टॉम हालैंड, जेमी फॉक्स, हैरी हालैंड, अल्फ्रेड, मोलीना आदि।

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 14 से 1,4 एवं सायं 7.30 बजे से




PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 18 जनवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# 676 खंभों पर टिकेगा 34 किलोमीटर लंबा रेलवे ओवरब्रिज

## 1247 करोड़ रूपए लागत, कटनी और एनकेजे से बाय-बाय करती निकलेंगी गुड्स ट्रेनें

## एशिया के सबसे लंबे ब्रिज को दिया गया उड़ता जंक्शन का नाम

यश भारत खास खबर

**कटनी।** देश के सबसे बड़े रेलवे फ्लाई ओवर कटनी ग्रेड सेपरेटर का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। पूरे दो साल तक चली प्लानिंग के बाद पिछले साल 20 दिसंबर 2020 से निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था। 1247 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा कटनी ग्रेड सेपरेटर 676 खंभों के ऊपर टिकेगा। ग्रेड सेपरेटर की कुल लंबाई 34.09 किलोमीटर है। देश में इतना लंबा बायपास ओर कहीं नहीं है। 4.62 किलोमीटर लंबा ब्रिज अभी केरल में इडापल्ली के वलरपदम में बना है। ग्रेड सेपरेटर का रखरखाव ऑनलाइन होगा। यह देश का ही नहीं बल्कि एशिया का सबसे लंबा रेलवे ब्रिज होगा। इस परियोजना को उड़ता जंक्शन का नाम दिया गया है।





यह ग्रेड सेपरेटर बिलासपुर जोन के रुझलवारा से कटनी-सतना रेल मार्ग पर स्थित पटवारा रेलवे स्टेशन के बीच बनेगा, इससे बिलासपुर की ओर से आने वाली मालगाड़ियों का सतना, इलाहाबाद की ओर जाने में सुविधा मिलेगी। कटंगी से मझगवां के बीच अप और डाउन लाइन मिलाकर ग्रेड सेपरेटर बनेगा। 3.5 किलोमीटर की रिटेनिंग वॉल का निर्माण कटंगी, झलवारा, मझगवां और मुड़वारा स्टेशन के नजदीक होगा। मझगवां में ग्रेड सेपरेटर इंड प्वाइंट पर न्यू मझगवां के नाम से नया स्टेशन भी बनाया जाएगा।रेलवे जंक्शन से पांचों दिशाओं में यात्री ट्रेनें जमीन पर बिछी पटरी पर दौड़ेगी, तो मालगाड़ी ऊपर रेलवे फ्लाईओवर पर चलेगी। रेलवे ओवरब्रिज की कुल लंबाई 34.09 किलोमीटर होगीण। अप लाइन में लंबाई 16.08 किलोमीटर, तो डाउन लाइन में लंबाई 18.01 किलोमीटर होगी। ब्रिज को कटनी न्यू जंक्शन के ऊपर से निकालते ही बायपास बनाया जाएगा। ब्रिज के खंभों पर ट्रेन का पड़ने वाला प्रेशर नापने के लिए डिवाइस सेटअप किया जाएगा। ब्रिज के नीचे स्टेशन और दूसरी लाइन होगी। पहले ग्रेड सेपरेटर लंबाई 21.5 किमी थी, फिर फाइनल सर्वे के बाद लंबाई को संशोधित कर 24.5 किमी कर दिया गया था। अप और डाउन मिलाकर ग्रेड सेपरेटर की लंबाई रेलवे पटरी पर 34.09 किलोमीटर होगी।




### ...ताकि मालगाड़ियां प्रभावित न हो

रेलवे के मुताबिक ग्रेड सेपरेटर वहां बनाया जाता है, जहां बहुत सारे रेलमार्ग क्रॉस होते हैं। कटनी जंक्शन और एनकेजे में यही स्थिति है। इस वजह से यहां स्टेशन में खड़े-खड़े ही मालगाड़ियां 20 से 45 मिनट तक लेट हो जाती हैं। देरी से बचने के लिए अब रेलवे ग्रेड सेपरेटर जैसा विशेष खास प्रोजेक्ट लेकर आया है। इस प्रोजेक्ट को उड़ता जंक्शन के नाम से भी जाना जाता है। सबसे पहला ग्रेड सेपरेटर साल 1897 में लंदन में बनाया गया था, इसको रेल विभाग लंदन ने फ्लाई जंक्शन उड़ता जंक्शन का नाम दिया गया था।

### ऐसे होगा ब्रिज का रखरखाव

ऑनलाइन सिग्नल डिजिटल होंगे। ब्रिज के नीचे स्टेशन और दूसरी लाइन होगी। यह देश ही नहीं बल्कि एशिया का सबसे लंबा ब्रिज होगा। इस ब्रिज के बन जाने से गुड्स ट्रेन की औसतन रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घंटे पहुंच सकती है। लगभग सभी गुड्स ट्रेनों को इसी बायपास से गुजारा जाएगा। ट्रेनों के इंतजार में रेलवे फाटकों पर फंस जाने वाले सड़क यात्रियों का भी समय बचेगा और उन्हें परेशानियां कम होंगी।

### बिलासपुर-कटनी-बीना रेल मार्ग रेलवे का गोल्डन ट्रैक

बिलासपुर-कटनी-बीना रेलवे ट्रैक को मालभाड़ा ढुलाई के मामले में भारतीय रेलवे का गोल्डन ट्रैक कहा जाता है। न्यू कटनी जंक्शन एनकेजे से ट्रेनों की निकासी बड़ी रेलवे के बड़ी चुनौती है। कटनी में सतना, जबलपुर, सिंगरौली, बीना और बिलासपुर मिलाकर पांच दिशाओं से अप और डाउन लाइन में यात्री ट्रेनों के साथ ही गुड्स ट्रेनों का आवागमन होता है। जिससे ट्रैफिक पर बेहद दबाव होता है। मालगाड़ी ट्रेनों को घंटे पासिंग नहीं मिलती है, जिससे बहुत नुकसान होता है। कटनी ग्रेड सेपरेटर का निर्माण पूरा होने के बाद सिंगरौली और बिलासपुर की ओर आने वाली कोयला लोड मालगाड़ी ब्रिज की मदद से सीधे बीना की ओर जाएंगी, साथ ही यात्री ट्रेनों की भी आवाजाही सुगम होगी।

# गिरदावरी पर रोक नहीं तो कल से हड़ताल पर जाएंगे पटवारी

**कटनी।** राजगढ़ जिले में गिरदावरी कार्य को लेकर पटवारियों के विरूद्ध की गई कार्रवाई से कटनी जिले के पटवारियों में भी आक्रोश व्याप्त हो गया है। जिले के पटवारियों का कहना है कि गिरदावरी कार्य पर रोक नहीं लगाई जाती है तो वे कल से तीन दिवसीय हड़ताल पर चले जाएंगे। इसके बाद भी यदि मांगे नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की भी चेतावनी दी गई है। मप्र पटवारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर जिले जियो फैन्स गिरदावरी पूर्णतः हटाये जाने तथा विभिन्न जिलों राजगढ़ आदि में पटवारियों के विरूद्ध की गई निलंबन कार्यवाही बिना शर्त वापस लिये जाने की मांग को लेकर अपर कलेक्टर रामानुज टोप्पो को

### पटवारियों ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, पटवारियों के विरूद्ध निलंबन बिना शर्त वापस लेने की मांग

कोविड-19 प्रोटोकाल के तहत ज्ञापन सौंपा गया तथा बड़वारा तहसील में भी संघ द्वारा मांग की गई है कि जियो फैन्स गिरदावरी तुरंत हटाया जाये। यदि 2 दिवस के अंदर उक्त आदेश वापस नहीं लिया जाता है तो कटनी जिले के समस्त पटवारी 19 जनवरी से 21 जनवरी तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहेगें। इस बाबजूद भी यदि शासन द्वारा मांगे नहीं मानी जाती तो प्रांतीय आवाहन पर अनिश्चित कालीन हड़ताल के लिए तटस्थ रहेगें। ज्ञापन के समय जिलाध्यक्ष दादूराम पटेल, कटनी तहसील अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता, धर्मेन्द ताम्रकार, रूचिता जैन, पूजा सोनी, मोहम्मद नाजिर खान, प्रमोद दीक्षित, गणेश मिश्रा, विवेक तिवारी, शादाब खान की उपस्थिति रही।

### 318 सेम्पल की रिपोर्ट में 34 पॉजिटिव केस

**कटनी।** विगत 16 जनवरी को जांच के लिए भेजी गई 318 सेम्पल की रिपोर्ट में 284 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव एवं 34 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। राहत की बात यह है कि जिले में अभी तक ओमिक्रोन का एक भी केस नहीं मिला है। इसके अलावा अभी तक जितने भी केस मिले हैं, उसमे से करीब 98 प्रतिशत मरीज होम आइसोलेशन में है।

# डीसीए रेड ने बरगवां को 193 रनों से हराया

### 14वां यदु स्मृति लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट

**कटनी।** स्थानीय फॉरेस्टर प्ले ग्राउण्ड में 14वे यदु स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसमे जिले की 12 टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। टूर्नामेंट के पहले मैच में डीसीए रेड ने बरगवां स्पोर्ट्स क्लब को 193 रनों के भारी अंतर से शिकस्त देकर टूर्नामेंट के अगले चक्र में प्रवेश किया। डीसीए रेड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 267 रन बनाये। जिसमे श्री गट्टानी ने 67 रन, पुष्पेन्द्र सिंह ने 53 रन, मुस्कान विस्वास ने 36 एवं संकल्प सिंघवी ने 22 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। बरगवां स्पोर्ट्स क्लब की ओर से राहुल श्रीवास्तव ने 4 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी बरगवां स्पोर्ट्स की पूरी टीम मात्र 72 रनों पर ढेर हो गई। जिसमे रसीद खान ने सर्वाधिक 36 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। डीसीए रेड की ओर से संकल्प ने 5 एवं प्रहलाद ने 3 विकेट लिए। मैच में मनीष शर्मा एवं डी के ने एम्पायर की भूमिका निभाई। उक्त आशय की जानकारी जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजेश डेविड ने देते हुए खेल प्रेमियों से फॉरेस्टर प्ले ग्राउण्ड पहुंचकर मैचों का लुत्फ उठाने और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

# श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड पर धोखाधड़ी का आरोप

**कटनी।** कांग्रेस नेता एवं शहर के प्रतिष्ठत व्यवसायी सुनील रांधेलिया ने श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड पर 1 लाख 20 हजार रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। होटल राज पैलेस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री रांधेलिया ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री सौम्या रांधेलिया के नाम पर 60-60 हजार रुपये की नगद राशि देकर बीमा कराया था, जो कि कम्पनी की अभिकर्ता विनीता गौठेल के माध्यम से दिए गए थे। बीमा की राशि देने के कुछ दिन बाद तक जब कम्पनी द्वारा रसीद नहीं दी गई, तब उन्होंने अभिकर्ता और कम्पनी के मैनेजर राकेश दुबे से सम्पर्क किया तो उनके द्वारा कोई संतोषजनक जबाव नहीं दिया गया। जिस पर उन्हें रूपयों के गबन का अंदेशा हुआ। श्री रांधेलिया ने बताया कि उन्होंने कम्पनी के अधिकारियों से जमा की गई नगद राशि की रसीद मांगी, तब उन्हें फर्जी रसीद दे दी

### एक लाख 20 हजार रूपए लेकर दे दी फर्जी रसीद, रूपए वापस मांगे तो दे दिया चैक, वो भी डिसआर्नर

गई। रसीद देखकर उन्हें धोखाधड़ी का कुछ शक हुआ, तब उन्होंने कानूनी कार्रवाई की धमकी दी। इसके बाद 11 जनवरी 2022 को कम्पनी द्वारा 52 हजार रुपए की राशि जमा करते हुए रसीद दी, लेकिन बाकी रुपये के संबंध में न तो कोई जानकारी दी जा रही है और न ही रसीद दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में श्रीराम कम्पनी के अभिकर्ताओं और अधिकारियों की मिलीभगत है। लोगों द्वारा बीमा योजनाओं में राशि देने के बाद अभिकर्ताओं द्वारा उक्त राशि को सही समय पर जमा नहीं किया जाता है। इस तरह का एक ओर मामला सामने आया है, जिसमे कम्पनी द्वारा रघुनाथगंज निवासी व्यवसायी नीतेश जैन से 40 हजार रुपए लेने के बाद उनके खाते में राशि जमा नहीं की गई। इसकी जानकारी मिलने के बाद जब उन्होंने रसीद की मांग की तो टालमटोल की जाती रही। बाद में उन्हें एक चैक दे दिया गया। चैक जमा किया तो डिसआर्नर हो गया। नीतेश जैन ने बताया कि वे इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री आवास अपूर्ण होने पर सीईओ ने जताई नाराजगी

### औचक निरीक्षण में परसवारा पहुंचे अपर कलेक्टर

**विजयराघवगढ़।** जिला प्रशासन के आदेशानुसार जिले के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में इन दिनों अधिकारियों की सख्त नजर है। वहीं जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश चन्द्र गोमे विजयराघवगढ़ तहसील के ग्राम पंचायतों में औचक निरीक्षण में विजयराघवगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राकेश शुक्ला के साथ पहुंचकर विकास योजनाओं की जांच कर मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों को देखा। प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना आवास के हितग्राहियों से रूबरू होकर आवासों के पूर्ण न होने के कारणों से अवगत होकर उन्हें अति शीघ्र पूर्ण करने निर्देश दिया गया। निर्माण पूर्ण न होने पर वसूली हेतु नोटिस जारी करने निर्देश दिए। निरीक्षण में जिला पंचायत सीईओ ग्राम पंचायत सिजहरा, सिंनगोड़ी से परसवारा पहुंचकर पंचायत क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेकर शालाओ में 15 वर्ष से 17 वर्ष तक के बच्चों को लग रहे वैक्सीन के टीके का निरीक्षण कर बच्चों से रूबरू हुए। अंत में पेंशनधरियों से बात कर समस्याओं से अवगत हुए, वहीं समस्त पंचायत सचिवों को कार्य के प्रति सख्त रहने निर्देशित भी किया, जहां पीसीओ राजेन्द्र पाटकर श्रीमति सावित्री पेंड्रो, बी बी दुबे, शिवमोहन सिंह सहित सचिव एवं रोजगार सहायकों की उपस्थिति रही।






किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति

सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति

पता- बीजेपी कार्यालय के सामने

जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)

मो. 8109417340



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म.प्र.)**

पत्र क्रमांक 31/खनिज/2021 — कटनी, दिनांक 07/01/2022

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/ पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स / श्री/सास्वत ऐसोसिऐट प्रा.लि. निवासी मनगंज दमोह जिला दमोह (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 19.07.2021 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 5185 दिनांक 13.10.2021 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः विज्ञापन प्रकाशित होने से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/ पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | रीठी | रीठी | 385 | 3.00 | शासकीय भूमि | फर्सी पत्थर | |
| | | | कुल रकबा | 3.00 | | | |

1.उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

जी-21493/21 — दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

प्रभारी अधिकारी
(खनिजे शाखा)
जिला कटनी



**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी**

कमांक/ 139 /का0यं0/नि.प्रको. / लो0स्वा0यां0/परि0खण्ड/21 कटनी, दिनांक 12.1.2022

**निविदा आमंत्रण**

**सूचना कमांक 70 to 74/2021-22**

ई–टेण्डरिंग पद्वति से पोर्टल http://www.mptender.gov.in पर जिले के विभिन्न विकासखंडों के ग्रामों में रेट्रोफिटिंग के अंतर्गत आर.सी.सी.ओवर हैड टैंक निर्माण, .सी.सी. सम्पवेल निर्माण मोटर पंप स्थापना, पंपहाउस/सम्पवेल निर्माण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य, घर घर कनेक्शन एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन–संधारण का कार्य एवं जिला प्रयोगशाला एवं उपखंडीय प्रयोगशालाओं के अपग्रेडेशन हेतु निम्नानुसार निविदा आमंत्रित है।

| निविदा कमांक | सिस्टम निविदा कं. | विकासखंड | ग्राम की संख्या | निविदा की कुल लागत लाख में | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 70/21_22 (2nd call) | 2021_PHED_178077_1 | Dheemarkheda | 3 | 440.59 | 440590 | 15000 | 8 माह | Registered under M.P. PWD New centralized registration Scheme |
| 71/21_22 (2nd call) | 2021_PHED_178078_1 | Dheemarkheda | 3 | 409.75 | 409750 | 15000 | 8 माह | |
| 72/21_22 (2nd call) | 2021_PHED_178079_1 | Dheemarkheda | 2 | 342.62 | 342620 | 15000 | 8 माह | |

जल परीक्षण प्रयोगशालाओं के अपग्रेडेशन के कार्य

| निविदा कमांक | सिस्टम निविदा कं. | कार्य का विवरण | निविदा की कुल लागत लाख में | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 73/21-22 | 2021_PHED_178080_1 | जल परीक्षण प्रयोगशालाओं का एन.ए.बी.एल.माप अनुसार अपग्रेडेशन कार्य उपखंड विजयराघवगढ एवं स्लीमनाबाद | 13.72 | 27440 | 2000 | 45 दिवस |
| 74/21-22 | 2021_PHED_178081_1 | जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला कटनी का एन.ए.बी.एल.माप अनुसार अपग्रेडेशन कार्य | 13.03 | 26060 | 2000 | 45 दिवस |

ऑन लाईन निविदा फार्म कय करने की अंतिम तिथी – 24.01.2022 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथी – 24.01.2022 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथी – 26.01.2022 11.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेबसाईट पर (Online System)केडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही कय किये जा सकते है । निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई बेबसाईट पर देखे ।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
परियाजना खण्ड कटनी
फोन नं.–07622–225752

G-21509-21 — दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज-शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश**
E-mail ID :- modgmkat@mp.gov.in

कमांक 34 /खनिज/म0ख0/ 2021, — कटनी, दिनांक 07/01/2022

//सूचना//

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 –क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/श्रीमती गोविन्द कोल प्रा0लि0, रघी अहमद किदवई वार्ड, दुबे कालोनी, कटनी, जिला कटनी (म0प्र0) के द्वारा म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18–क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 25.12.2021 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है–

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा (हे0 में) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | मुड़वारा | गुवराधरी | 521 | 4.80 | अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | डोलोमाइट | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जाएगा।

G-21492/22

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला–कटनी म.प्र.



**कार्यालय नगर परिषद बरही, जिला कटनी (म.प्र.)**

फोन नं. 07626.274220 मेल-cmobarhi@mpurban.gov.in

क्र./1262/PWD/NP/2022 — बरही, दिनांक 13/01/2022

**द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीयकृत ठेकेदार से अधोलिखित विवरण अनुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिनांक 10 मई 2012 एवं संशोधन 24/11/2017 से प्रभावशील प्रचलित आई.एस.एस.आर. "Building Work/Road Work" के आधार पर कम / अधिक प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्र. | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन राशि (रु. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा फार्म का शुल्क | श्रेणी | समयावधि | क्र. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021_UAD 138569_2 | वार्ड क्र. 3 में राम मंदिर से भास्कर मोहल्ला तक नाली निर्माण कार्य | 3,21,123/- | 3300/- | 2000/- | C Class & Above New PWD Reg. | 2 माह | 1 |
| 2021_UAD 176869_1 | वार्ड क्र. 11 में कटनी रोड से शंकर जी मंदिर परिसर तक रिन्फ्रूवल ऑफ सी.सी. सड़क एवं पेवर ब्लाक निर्माण कार्य। | 14,72,499/- | 29500/- | 2000/- | C Class & Above New PWD Reg. | 3 माह | 2 |

शर्ते -1) निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। (2) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 13.01.2022 से 31.01.2022 सायं 5.30 बजे तक है। (3) ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 31.01.2022 सायं 5.30 बजे तक है। (4) अमानत राशि एवं अन्य निविदा संबंधित दस्तावेज केवल ऑन लाईन ही मान्य किये जायेंगे। निविदा दिनांक 02.02.2022 को 12.00 से खोली जावेगी। (5) निर्धारित शपथ पत्र Affidavit नवीन प्रारूप अनुसार। नोट – (1) निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में केवल ऑनलाईन संशोधन किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं। (2) निविदाकार को ई.पी.एफ. का पंजीयन प्रमाण देना अनिवार्य होगा। (3) निविदाकार लेबर विभाग का पंजीयन प्रमाण दर स्वीकृति उपरांत देना अनिवार्य होगा। Cost Escalation Clause लागू नहीं होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बरही, जिला कटनी

# पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए घर फिर से बनेंगे विद्यालय

## थाली-घंटी बजाकर शुरू होंगी कक्षाएं,राज्य शिक्षा केंद्र ने जारी किया आदेश



**कटनी।** कोरोना के बढ़ते संक्रमण के कारण प्रदेशभर में शासकीय स्कूल 31 जनवरी तक बंद कर दिए गए है लेकिन बच्चों की पढ़ाई.लिखाई का नुकसान न होए इसलिए सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत पहली से आठवीं कक्षा के बच्चों के लिए हमारा घर-हमारा विद्यालय के तहत आनलाइन कक्षाएं कल से पुनरू संचालित की जाएंगी। बच्चों के घर का एक हिस्सा ही उनका स्कूल बन जाएगा। घर के बड़े उनके मेंटर्स की भूमिका में होंगे तो पढ़ाई के टिप्स उन्हें रेडियो और वाट्सएप से प्राप्त होंगे। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश में लिखा है कि प्रतिदिन एवं नियमित अध्ययन के लिए घर में ही स्कूल जैसा वातावरण निर्मित कर शैक्षिक गतिविधियों संचालित की जाएंगी। साथ ही विद्यार्थी अपने घर के वातावरणए परिवेशए परिवार के बड़े-बुजुर्गों, बड़े भाई-बहन के सहयोग से घर पर ही रहकर पढ़ाई करेगें। इसमें बच्चे के पास सीखने के स्त्रोत के रूप में उपलब्ध रेडियो, पाठ्यपुस्तक एवं अभ्यास पुस्तिका के आधार पर लर्निंग पैकेज तैयार किया गया है प्रतिदिन परिवार के बड़े सदस्य प्रातः 10 बजे घंटी या थाली बजाकर विद्यालयीन कार्य प्रारंभ करेंगे। 10 से 11 बजे के बीच विद्यार्थी डिजिलेप वाट्सएप ग्रुप्स पर प्राप्त शैक्षिक गतिविधियों को देखकर अध्ययन एवं अभ्यास करेंगे। इन सभी कार्यो की मॉनिटरिंग संबंधित विद्यालय के शिक्षक करेंगे।

### रेडियो स्कूल से भी होगी पढ़ाई

हमारा घर-हमारा विद्यालय के तहत प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए रेडियो स्कूल का प्रसारण सोमवार से शनिवार प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे के बीच प्रसारित होगा। जिसे आकाशवाणी और विविध भारती के प्रदेश स्थित सभी प्रसारण केंद्र से एक साथ रिले किया जाएगा। साथ ही डिजिलेप वाट्सएप समूहों के माध्यम से भी शैक्षिक सामगी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थी अपने घरों पर ही अभ्यास पुस्तिका पर भी कार्य करेंगे।

### परिवार के सदस्यों की भूमिका होगी

शिक्षा का स्थान या कोना निर्धारित समय पर बच्चों का घर में लिखने-पढ़ने के लिए एक स्थान नियत करेंगे और निर्धारित विषय का कार्य करने के लिए प्रेरित करेंगे। बच्चों को आवश्यक स्टेशनरी सुबह 10 से दोपहर 1 बजे गतिविधि के अनुसार यथासंभव पेंसिलए कापी, स्केच पेन, कलर पेंसिल, पुराने पेपर आदि उपलब्ध कराएंगे। डिजिलेप वीडियो के माध्यम से प्राप्त सामग्री के अध्ययन के लिए सुविधानुसार बच्चों को मोबाइल उपलब्ध कराना होगा। बच्चे पूरे सप्ताह की गतिविधियों के आधार पर 1 से 2 मिनट का आडियो रिकार्डिंग या वीडियो तैयार करके अपने कक्षा ग्रुप पर भेजेंगे, जिसमें पालक उनकी मदद करेंगे। प्रतिदिन एक पेज हिंदी एवं अंग्रेजी का लेखन एवं गणित का मौखिक अभ्यास कराएंगे।

### शिक्षक हर दिन पांच बच्चों को पढ़ाएंगे

शिक्षकों के मोबाइल पर एक दिन पहले शाम को 8 बजे तक डिजिलेप के वीडियो भेजे जाएंगेए जिन्हें अगले दिन आपको कक्षा के वाट्सएप ग्रुप पर प्रातः 10 बजे तक भेजना होगा। भेजने से पहले वीडियो देखें एवं बच्चों को लिखित आडियो के माध्यम से वाट्सएप समूह पर सूचना या संदेश दें। प्रतिदिन अपने विद्यालय के कम से कम पांच बच्चों से मोबाइल के माध्यम से पढ़ी गई सामग्री पर चर्चा कर अगले दिन की सामग्री के बारे में बताना और रिकार्ड तैयार करना है प्रतिदिन विद्यालय समय में एक मोहल्ले में पांच बच्चों जिनके पास मोबाइल उपलब्ध नहीं है के घर जाकर गृह संपर्क बच्चों से उनकी समस्याएं पूछेंगे तथा उनका समाधान करेंगे। समय सारिणी अनुसार गतिविधियों का अवलोकन एवं आंकलन करना और अपना फीडबैक डायरी में प्रस्तुत करेंगे। इसी के साथ शिक्षक बच्चों से गृहकार्य जैसे अभ्यास पुस्तिकाएं बच्चों के प्रतिदिन पढ़ने एवं लिखने की कापी की जांच करेंगे, मौखिक गणित पर चर्चा करेंगे एवं उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

### अधिकारी भी करेंगे मानिटरिंग

वहीं प्रधानाध्यापक भी प्रतिदिन कम से कम 5 अभिभावकों से चर्चा कर उन्हें हमारा घर हमारा विद्यालय के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों के बारे में अवगत कराएंगे और बच्चों को उसके अनुसार पढ़ाई करवाने के लिए प्रेरित करेंगे। सभी गतिविधियों की मानिटरिंग एम शिक्षा मित्र एप के माध्यम से की जाएगी जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों एवं डाइट फैकल्टी के द्वारा भी कक्षावार प्रतिदिन पांच व्हाट्सएप समूह में जुड़कर गतिविधियों की मानीटरिंग एवं आवश्यक सहयोग किया प्रदान किया जाएगा।

# भवन अनुज्ञा में 31 जनवरी तक मिलेगी 30 प्रतिशत की छूट

### 28 फरवरी तक 20 प्रतिशत छूट का लाभ ले सकेंगे आवेदक

**कटनी।** नगरीय निकायों में 15 से 31 जनवरी तक भवन अनुज्ञा के प्रकरणों में नागरिकों को प्रशमन (कंपाउंडिंग) का लाभ दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने नागरिकों को शासन द्वारा प्रशमन की सीमा 30 प्रतिशत किये जाने का लाभ दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये थे। श्री सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि 28 फरवरी तक आवेदन करने पर प्रशमन शुल्क में मिलने वाली 20 प्रतिशत छूट का लाभ अवश्य लें। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि शासन की इस सुविधा का लाभ नागरिक ले रहे हैं। इससे नगरीय निकायों को प्रशमन शुल्क के रूप में अब तक 62 करोड़ से अधिक की राशि प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि टाइप-1 भवन अनुज्ञा से अधिक निर्माण प्रकार के प्रकरणों में भवन स्वामियों के ऑनलाइन आवेदन अपेक्षित होते हैं और आवेदक द्वारा सेल्फएसेसमेंट कर प्रशमन शुल्क जमा किया जाता है। इसमें इन्दौर नगर निगम द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया गया है। भोपाल नगर निगम के द्वारा भी इस दिशा में अच्छे प्रयास किये गये हैं। नगरीय निकायों द्वारा टाइप-2 भवन अनुज्ञा के बिना निर्माण प्रकार के प्रकरणों में प्रशमन की प्रगति काफी कम है। जबकि ऐसे प्रकरणों में निकायों की स्पष्ट सहभागिता है और यह प्रकरण निकाय द्वारा ही तैयार किए जाते हैं। इसमें उल्लेखनीय कार्य ने होने से संबंधित नगरीय निकायों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रशमन शुल्क में 20 प्रतिशत की छूट केवल 28 फरवरी तक आवेदन करने वाले प्रकरणों पर ही लागू होगी। अतः समस्त नगरीय निकायों को निर्देशित किया गया है कि 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक भवन स्वामियों को प्रशमन कराने के लिए पोस्टर मुनादी, विज्ञापन नोटिस इत्यादी के माध्यम से प्रशमन शुल्क में छूट का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही निकाय में उपलब्ध टाइप-2 भवन अनुज्ञा के बिना निर्माण प्रकरणों के प्रशमन की कार्यवाही भी निर्धारित तिथि तक पूरी करना सुनिश्चित करें ताकि ऐसे प्रकरणों में भी भवन स्वामियों को छूट का लाभ प्राप्त हो सके। इस अभियान के नोडल अधिकारी देवेन्द्र व्यास, सहायक संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास एवं नियंत्रणकर्ता अधिकारी गजेन्द्र नागेश, अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास रहेंगे। किसी भी जानकारी एवं प्रश्नों के समाधान के लिए इनसे संपर्क किया जा सकता है।



# चौक चौराहों के साथ गली कूचों की भी हुई सफाई

### नगर को स्वच्छता के ऊंचे पायदान पर ले जाने जारी है प्रयास

**कटनी।** कटनी। नगर की सफाई व्यवस्था को स्वच्छता के निर्धारित मापदडों के अनुरूप सुचारू रखते हुए नगर को स्वच्छता के उच्च पायदान पर लाने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह के निर्देशन में रोजाना प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः दैनिक सफाई व्यवस्था के माध्यम से मदन मोहन चौबे वार्ड मुख्य मार्ग स्थित देशी शराब दुकान के पीछे खदान के पास की झाडियों की कटाई एवं आसपास व्याप्त गंदगी की सफाई का कार्य कराया गया। नगर के अन्य मुख्य स्थलों बस स्टेण्ड परिसर, चांडक चौक, मिशन चौक, घंटाघर प्वाइंट, जालपा देवी वार्ड स्थित कुकर गली, महात्मा गांधी वार्ड जैन मंदिर गली सहित अन्य की विभिन्न गलियों, राम जानकी हनुमान वार्ड पुराना थाना एन.के.जे मेन रोड, शिवाजी वार्ड स्वास्थ्य केन्द्र के पास, स्टेट बैंक तिराहा, सिविल लाईन, जिला चिकित्सालय से निकलने वाले वेस्ट का उठाव का कार्य, आचार्य कृपलानी वार्ड मुख्य मार्ग कावसजी वार्ड भट्टा मोहल्ला, द्वारिका सिटी के विभिन्न मार्गो, डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड स्थित संजयनगर मैदान की सफाई सहित नगर के अन्य स्थलों में सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। सुचारू सफाई व्यवस्था एवं मुख्य मार्गो की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर के मुख्य मार्ग नदीपार, बरगवां, माधवनगर आदि स्थलों के डिवाईडर के दौनों ओर सफाई सहित डोर टू डोर कचरे का संग्रहण किया जाकर नागरिकों को गीला एवं सूखा कचरा पृथक पृथक डस्टबिन में रखनें एवं निगम के कचरा वाहनों में अलग अलग ही देनें की अपील की गई। नगर के नाले नालियों के माध्यम से पानी की सुगम निकासी को दृष्टिगत रखते हुए जे.सी.बी मशीन के माध्यम से पन्ना मोड रांधेलिया पेट्रोल पंप के पीछे स्थित नाले की सफाई, राम मनोहर लोहिया वार्ड स्थित रचना नगर में जे.सी.बी मशीन के माध्यम से कच्ची नाली का निर्माण सहित पानी की सुगम निकासी की व्यवस्था हेतु स्वच्छता दूतों की गेंग के माध्यम से लाल बहादुर शास्त्री वार्ड कुठला स्थित भगवानदास गली की नालियों, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड स्थित बावली टोला बस्ती की नालियों की सफाई सहित कावस जी वार्ड शमशान भूमि रोड वाली नाली, फारेस्टर वार्ड एम्बुलेंस रोड की नालियों,जाकिर हुसैन वार्ड स्थित राज किराना के सामने की नालियों, माधवनगर स्थित रामलीला मैदान की नालियों के ढेर की सफाई का कार्य कराया गया।

# अमानक पॉलिथीन विक्रय करने पर 17 दुकानदारों का काटा चालान



**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अन्तर्गत प्रतिबंधित गैर -मानक पॉलिथीन के उपयोग को रोकनें एवं पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा माधवनगर क्षेत्र में अभियान चलाकर चालानी कार्यवाही की गई। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें जानकारी देते हुए बताया कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 तथा नगर के पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए निगम के स्वास्थ्य विभाग के वार्ड दरोगाओं एवं क्षेत्रीय स्वच्छता प्रभारियों की उपस्थिति के द्वारा विगत संध्या माधव नगर क्षेत्र के अभियान के माध्यम से 17 दुकानदारों द्वारा आमानक पॉलिथीन का उपयोग करते पाये जाने पर 250/- प्रति दुकानदार के मान से 4250 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान विभिन्न दुकानदारों, ठेले, गुमटी वालों को प्रतिबंधित पालिथीन का उपयोग न करने एवं नगर की स्वच्छता बनाये रखने में सहयोग प्रदान करनें की अपील की गई।

# किताबी शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान सिखाती है नई शिक्षा नीति

## शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं से अवगत हुई गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं





**कटनी।** केन्द्र सरकार की नई शिक्षा नीति से छात्राओं को अवगत कराने एवं उसके महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी देने के उद्देश्य से शासकीय कन्या महाविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न दिशाएं - एक आयाम, सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज की अवधारणा के साथ आयोजित किया गया। विद्वान प्राध्यापकों द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि नई शिक्षा नीति छात्र-छात्राओं के सर्वागीण विकास को ध्यान में रखकर बनाई गई है। जिसमें शैक्षपणिक गतिविधियों के साथ-साथ समाजसेवा एवं सामुदायिक योगदान को भी स्थान दिया गया है। देश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों का निरीक्षण कर मान्यता देने वाली संस्था नैक भी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं इसलिए पाठ्यक्रम की अध्ययन प्रक्रिया के साथ-साथ समाजिक योगदान, और रचानात्मक कार्यो में छात्र-छात्राओं की सहभागिता को प्रमुखता देती हैं। इसी संदर्भ में नैक द्वारा बी. ग्रेड प्रमाण पत्र प्राप्त शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी द्वारा बेस्ट प्रैक्टिसेस् एवं नवाचार की पहल के रूप में वाणिज्य विभाग के द्वारा एक बहुउददेशीय कार्यक्रम विभिन्न दिशाएं -एक आयाम - सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज का निर्माण का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। शिक्षा सूत्र के रूप में बताया गया कि सभी छात्राएं एक जैसी प्रतिभा एवं स्वभाव की नही होती हैं और सभी को समान अवसर मिलना आवश्यक हैं। शैक्षणिक कार्यो के साथ-साथ हम सभी को समाज के प्रति अपने रचानात्मक योगदान को नही भूलना चाहिए। शासकीय संस्थाएं अपनी अधिकांश गतिविधियां केवल सरकारी कार्यक्रमों तक सीमित रखती हैं जिन्हें विस्तारित किये जाने की आवश्यकता हैं। सीखने-सीखाने की प्रक्रिया केवल पुस्तकों तक सीमित नही हैं अतः व्यवहारिक रूप में प्राप्त किया गया ज्ञान भी महत्वपूर्ण हैं।

कार्यक्रम शुभारंभ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और सरस्वती बंदना के साथ प्राचार्य डॉ. आर. गुप्ता और प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. साधना जैन, सहायक प्राध्यापक डॉ. किरण खरादी, अमिताभ पाण्डेय के द्वारा किया गया। इसके पश्चात् महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा उपस्थित महाविद्यालय कें प्राध्यापकों का डॉ. विमला मिंज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ वीणा सिंह, बंदना मिश्रा, श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव के.जे. सिन्हा, डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल, नेहा चौधरी, विनेश यादव, नागेन्द्र यादव, संध्या निगम का पौधा देकर सम्मान किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय के अतिथि विद्वान एवं स्ववित्तीय विद्वान डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. स्मिता यादव, रामेश्वर सिंह के साथ-साथ महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्म चारियों का सम्मान किया गया। विभिन्न दिशाएं - एक आयाम - सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज के इस कार्यक्रम में विभन्नि क्षेत्रों एन.एस. एस, एन.सी.सी., समाज सेवा, देश सेवा, खेल कूद, सांसस्कृति, साहित्यिक, रूपा कन को दर्शा या गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी विभिन्न प्रस्तुतियां दी। इन प्रस्तुतियों में छात्राओं ने नृत्य, गायन, नाटक, प्रहसन, गीत इत्यादि के माध्यम से अपनी रचानात्मक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया और उपर्युक्त दर्शा ये गये उदेदश्यों को लेकर अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया इस दौरान जरूरतमंदों की मदद, साफ-सफाई एवं स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, सुरक्षित यातायात इत्यादि का संदेश जन सामान्य को दिया गया और इनके प्रति जागरूक किया गया।

# स्वच्छता के प्रति एक्टिव मोड में नगर परिषद

## सोशल प्लेटफार्म में जानकारी मिलते ही पहुंचते है मित्र

**बरही।** नगर परिषद बरही द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर को साफसुथरा बनाए रखने के प्रयास में नगर के हर.गलीए चौराहे को चकाचक किया जा रहा है। गंदगी की सूचना मिलते ही सफाई मित्रों के साथ स्वच्छता अधिकारी रामलाल वर्मन मुस्तैद नजर आते हैए तो वही मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोहर विन्जवारए स्वच्छता एम्बेसडर डॉ. दीपक अग्रवाल सतत निगरानी भी करने में जुटे रहते है। रविवार को टीआई बंगले के पास बने आंगनवाड़ी केंद्र के पास लगे गंदगी के अम्बार को न सिफ साफ कराया गयाए बल्कि ऊबड़-खाबड़ क्षेत्र को लेवल भी कराया गया। वही नगर के सार्वजनिक स्थलोंए मंदिर पहुँच मार्ग क्षेत्रो की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



### ग्रुप से मिली जानकारी पर पहुंचते है मित्र

नगर परिषद बरही स्वच्छता को और भी बेहतर बनाने के लिए सोशल प्लेटफार्म का भी सहारा लिया जा रहा है। परिषद द्वारा व्हाटऐप्स, फेसबुक का नगर स्तरीय ग्रुप भी तैयार किया गया हैए जिसमे नगर के हर वर्गए मुहल्ले के लोगों को एड किया गया है, लोग अपनी प्रतिक्रिया देने के साथ ही जहां सफाई की जरूरत है, उस स्थल की जानकारी भी ग्रुप के माध्यम से दे रहे हैए जिसकी जानकारी लगते ही स्वच्छता मित्र पहुँचकर सफाई अभियान को अंजाम देने में जुटे हुए है।

## बरही में सड़क का कायाकल्प



**बरही।** सड़क का कायाकल्प होने से दिनभर उड़ने वाले धूल के गुब्बार से बरही के लोगो को राहत मिली है। नगर के बरही-कटनी मार्ग की उखड़ चुकी सड़क का सुधारकार्य 2 दिन में ही हो गया। बरही चौराहे से लेकर थानाए तहसील कार्यालय तक करीब 1 किलोमीटर क्षेत्र की सड़क का कायाकल्प हो गया है। इस सड़क का निर्माण एमपीआरडीसी द्वारा ठेकेदार तिरुपति बिल्डकॉन ने किया है। जानकारी मुताबिक बरही से कटनी- बरही से पनपत्था तक की उखड़ी हुई सड़क का मरम्मत करने का ठेका तिरुपति बिल्डकॉन को मिला है। सड़क जहां-जहां भी अत्यधिक जर्जर हैए वहां कायाकल्प करने का काम किया जा रहा है।

# निकायों की मतदाता सूची तैयार करने आदेश जारी

### कलेक्टर ने नियुक्त किये अधिकारी

**कटनी। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार जिले के अंतर्गत आने वाले नगरीय निकाय, नगर पालिक निगम कटनी, नगर परिषद कैमोर, बरही, विजयराघवगढ़ की फोटोयुक्त मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण 1 जनवरी 2022 की स्थिति में किया जाना है। राज्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगरीय निकायों की मतदाता सूची तैयार करने के लिये मध्यप्रदेश नगर पालिक निर्वाचन नियम 1994 के नियम 3(2) के अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (नगरीय) तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नगरीय और अपील प्राधिकारी नगरीय पदाभिहित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियक मिश्रा द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के तहत नगर पालिक निगम कटनी क्षेत्र के लिये अपर कलेक्टर कटनी अपील प्राधिकारी के सम्पादन के लिये पदाभिहित अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजयराघवगढ़ को नगर परिषद कैमोर, विजयराघवगढ़, बरही के लिये अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। इस आदेश के अनुसार नगर पालिक निगम कटनी के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही 4 सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी नियुक्त किये गये है। इसी प्रकार नगर परिषद कैमोर के लिये नायब तहसीलदार सिंगौड़ी, नगर परिषद् विजयराघवगढ़ के लिये तहसीलदार विजयराघवगढ़ और नगर परिषद बरही के लिये तहसीलदार बरही को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। संबंधित नगर परिषद् क्षेत्र के लिये संबंधित क्षेत्र के जनपद पंचायत सीईओ सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे।

### प्रशिक्षण प्रदाय करने मास्टर ट्रेनर नियुक्त

मतदाता सूची तैयार करने वाले रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए व्याख्याता मुकेश द्विवेदी एवं राकेश बारी को मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है।

# फिर शुरू हुई पंचायत चुनाव की तैयारियां

**17 से परिसीमन की शुरुआत, जनपद और जिला पंचायत के वार्डों का भी नये सिरे से होगा निर्धारण**

**पंचायत चुनाव निरस्त करने के बाद बैक फुट पर आई सरकार अप्रैल तक हर हाल में कराना चाहती है चुनाव**

**कटनी। पिछले दो साल से टल रहे पंचायत चुनावों के कारण अब पंचायतो के विकास कार्य प्रभावित हो रहे। पंच, सरपंच से लेकर जनपद और जिला पंचायत में सदस्य और अध्यक्ष बनने का सपना संजोये बैठे दावेदारों का धैर्य भी अब जवाब दे रहा। सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ करके बीच में ही निरस्त कर देने से नामांकन जमा करके प्रचार में एक बडी राशि खर्च कर देने वाले दावेदार तो खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे। इस बात का आभास सरकार को भी है। असंतोष की चिंगारी विरोध की लपट न बन पाए इससे पहले ही सरकार को कोई कदम उठाना पड़ेगा। यही सोचकर राज्य सरकार ने अब जल्द से जल्द पंचायत चुनाव कराने का निर्णय ले लिया है। सबकुछ ठीकठाक रहा तो मार्च तक परिसीमन से लेकर आरक्षण तक की प्रक्रिया पूरी कर सरकार अप्रैल में चुनाव कार्यक्रम घोषित कर सकती है। कल 17 जनवरी से परिसीमन प्रक्रिया के साथ सरकार ने इसकी शुरुआत भी कर दी है।**

चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने के बाबजूद पिछड़े वर्ग के आरक्षण पर फंसे पेंच के कारण सरकार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निरस्त करना पड़ा जिसके चलते सरकार बैक फुट पर आ गई है। चुनाव निरस्त करने के तत्काल बाद सरकार ने ग्राम पंचायतों के कामकाज के लिए निवर्तमान सरपंचों को अधिकृत कर दिया था पर दो दिन बाद ही सरकार ने यह आदेश वापस ले लिया जिससे सरपंचों में भी नाराजगी व्याप्त है। पिछड़े वर्ग के आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाये जाने के बाद सरकार भले ही इसके लिए विपक्षी कांग्रेस पार्टी पर दोष मढ रही पर पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता यह मानते हैं कि इसमें सरकार की भी गलती है। सबसे बड़ी गलती तो यही है कि पंचायत चुनाव 2014 के आरक्षण के आधार पर कराये जा रहे थे जो रोटेशन के ख़िलाफ़थे। हालांकि बाद में सरकार ने अपने इस अध्यादेश को वापस ले लिया पर इसके कारण उपजी परिस्थितियों से पिछड़े वर्ग में भी सरकार के प्रति असंतोष देखा जा रहा। पिछड़े वर्ग के असंतोष और सरपंचों की नाराज़गी दूर करने के उद्देश्य से सरकार जल्द से जल्द पंचायत चुनाव करा लेना चाहती है और इसकी शुरुआत सरकार ने 17 जनवरी को परिसीमन से कर दी है। ग्राम पंचायतों के परिसीमन के बाद जनपद और जिला पंचायत के वार्डों का भी नये सिरे से निर्धारण किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार ने अब पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज संशोधन अधिनियम 2021 के आधार पर पंचायत चुनाव कराने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के अनुसार पंचायतो का 2011 की जनगणना के आधार पर नए सिरे से परिसीमन कराया जाएगा। पंचायत अथवा पंचायतों के जो वार्ड या आश्रित ग्राम नगरीय क्षेत्र में चले गए या डूब क्षेत्र में चले गए या पिछले परिसीमन में छूट गए उन्हें इस परिसीमन में शामिल किया जाएगा। नई पंचायत के गठन के लिए कम से कम एक हजार की आबादी होना अनिवार्य है। एक हजार तक की आबादी पर 10 वार्डों की पंचायत का गठन हो सकता है। ग्राम पंचायतों के परिसीमन की यह कार्यवाही 17 जनवरी से शुरू होकर 23 फरवरी तक चलेगी। 25 जनवरी तक दावे आपत्तियां ली जाएंगी जिनका निराकरण 3 फरवरी को किया जाएगा। परिसीमन का अंतिम प्रकाशन 23 फरवरी को होगा। ग्राम पंचायतों में अधिकतम 20 वार्ड हो सकते हैं।जनपदों में भी न्यूनतम वार्ड 10 होंगे। 50 हजार से अधिक जनसंख्या होने पर वार्डों की संख्या बढ़ाई जा सकेगी पर अधिकतम संख्या 25 होगी। इसी प्रकार जिला पंचायत में 5 लाख से अधिक आबादी होने पर अधिकतम 35 वार्ड रखे जा सकते हैं। 23 फरवरी तक परिसीमन की कार्यवाही के बाद मतदाता सूची अपडेट की जाएगी जिसमें एक से डेढ़ महीने का समय लग सकता है। मतदाता सूची अपडेट हो जाने के बाद सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती आरक्षण निर्धारण की होगी। सरकार पंचायत चुनाव में पिछड़े वर्ग का आरक्षण जारी रखना चाहती है पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण पर रोक इसमें सबसे बड़ी रुकावट है। सरकार ने इस सम्बंध में एक पुर्नविचार याचिका सुप्रीम कोर्ट में लगाई है जिस पर अभी निर्णय होना शेष है। सुप्रीम कोर्ट से सरकार को राहत नहीं मिली तो सरकार को फिर कोई नया जतन करना होगा। बहरहाल सरकार की मंशा अप्रैल तक चुनाव कराने की है अगर सबकूछ ठीक ठाक रहा तो सरकार अप्रैल में एक बार फिर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का कार्यक्रम जारी कर सकती है।




## प्राण प्रतिष्ठा समारोह







कटनी। समदड़िया सिटी माधवनगर स्थित नवनिर्मित आदिशक्ति मंदिर में 3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन आज प्रातः 9 बजे से कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्र की महिलाएं शामिल रहेंगी। 19 जनवरी को प्रातः 9 बजे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू होगा। इस मौके पर हवन अनुष्ठान एवं भण्डारा आयोजित है। यज्ञाचार्य पं. पुरूषोत्तम त्रिपाठी सहित देवी भक्तों ने श्रद्धालुजनों से उपस्थिति का अनुरोध किया है। संपूर्ण कार्यक्रम श्री श्री 1008 सीताशरण जी महाराज (लोढ़ा पहाड़ा सिहोरा) के सानिध्य में और उनके द्वारा सम्पन्न कराए जाएंगे।

# डीजल चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा गया

**पांच गिरफ्तार, वारदात के उपयोग की जाने वाली बुलेरो सहित 300 लीटर डीजल बरामद**



**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी चौकी पुलिस ने सड़क किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्य सड़क किनारे खड़े ट्रक, टैंकर सहित अन्य बड़े वाहनों से खुलेआम डीजल चोरी करते थे। गिरोह के कब्जे से 300 लीटर डीजल भी बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी घटना को अंजाम देने के उपरांत ग्राम करहिया तालाब के किनारे बोलेरो वाहन के साथ गिरफ्तार किए गए हैं। बिलहरी पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक के के पटेल ने बताया कि 16 जनवरी को सुबह 6 बजे के लगभग विकास पाठक नामक युवक के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई। जिसमें उसने बताया कि उसकी कंपनी का टैंकर ट्रक क्रमांक एम.पी.06जेई–0984 का चालक रात्रि में ग्राम मतवारी करहिया रोड के किनारे गाड़ी खड़ी करके गाड़ी में सो रहा था। उसीदौरान रात्रि करीब ढाई से 3 बजे के बीच टैंकर के डीजल टैंक से बोलेरो क्रमांक एम.पी.20सीएल–4669 में आए पांच अज्ञात लोगों द्वारा केन में पाइप द्वारा डीजल चोरी करके केन में डीजल भरकर बोलेरो में रखकर करहिया तरफभाग गए। बिलहरी चौकी पुलिस ने विकास पाठक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज किया तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक के के पटेल अपनी टीम के साथ घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। इसी दौरान पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली की ग्राम करहिया तालाब के पास उक्त बोलेरो वाहन के पास पांच संदिग्ध व्यक्ति खड़े हैं। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी करके सभी संदिग्ण युवकों को बुलेरो सहित हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने क्रमशः अपना नाम धर्मेंद्र लोनी पिता गुलाब लोनी उम्र 32 साल निवासी ग्राम लोढ़ा थाना कोतवाली जिला उमरिया, नारेंद्र लोनी पिता राजेश लोनी उम्र 18 साल निवासी ग्राम लोढ़ा थाना कोतवाली जिला उमरिया, दीपक लोनी पिता हरकेश लोनी उम्र 19 साल निवासी पिपरियाकला थाना बरही, अमित कुमार जायसवाल पिता भागचंद जायसवाल उम्र 24 साल निवासी कछारगांव( निमास) थाना स्लीमनाबाद एवं रामनरेश पटेल पिता विष्णु प्रसाद पटेल उम्र 25 साल निवासी कछगवां थाना माधवनगर का होना बताया। पूछताछ में आरोपियों ने सड़क किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करना भी स्वीकार किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वाहनों से चोरी किया गया डीजल करीब 300 लीटर 10 कैन में भरा हुआ। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से वाहनों से डीजल निकालने के लिए उपयोग में लाया जाने वाला पाइप सहित घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन कीमती 11 लाख रुपए को भी जप्त किया गया है।

## मांस व हथियार जप्त,वन विभाग की कार्रवाई

# चीतल का शिकार करने के आरोप में 6 गिरफ्तार



**कटनी।** कटनी वन परिक्षेत्र की टीम ने वन्यप्राणी शिकार के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चीतल का मांस व अन्य अवशेष जप्त किए हैं। वनक्षेत्रपाल परिक्षेत्र अधिकारी कटनी लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि ग्राम भिटौनी में वन्यजीव चीतल के शिकार की सूचना मिली थी। जिसकी जानकारी वनसंरक्षक आर सी विश्वकर्मा व उप वनमंडलाधिकारी (पूर्व पश्चिम) राहुल मिश्रा को दी गई। अधिकारियों के मार्गदर्शन में वनक्षेत्रपाल के नेतृत्व में टीम बनाकर भिटौनी गांव में दबिश दी गई। भिटौनी निवासी सरोज कुमार लुनिया के घर की तलाशी ली गई। तलाशी में उसके घर से चीतल का लगभग 5 किलोग्राम मांस जप्त किया गया। इस मामले में वन अमले ने आरोपी से पूछताछ की। जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपी सरोज कुमार की निशान देही पर महाकौशल फार्म हाऊस पिपरौध के चौकीदार भरत बर्मन निवासी बरमोह, स्वील माइंस कंपनी पिपरौध चौकीदार राजबहादुर सिंह निवासी जयंतीनगर, सुंदर सिंह लुनिया निवासी भिटौनी, नयाराम लुनिया निवासी भिटौनी, आशीष लुनिया निवासी भिटौनी को दबिश देकर हिरासत में लिया गया। उनके पास से चीतल का सिर, चमड़ा, हथियार व अन्य अवशेष जप्त किए गए। आरोपियों को गिरफ्तार कर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धारा पर अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्यवाही में वनक्षेत्रपाल सहित वनपाल रमेश कुमार त्रिपाठी, अनिल कुमार मिश्राए, वनरक्षक कमल कुमार दुबे, अम्बुज कुमार पांडेय, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, सुमित सिंह, शक्तिपाल सिंह, जय नारायण सिंह, भीमसेन कोल और वाहन चालक अजय पांडेय व संजू की भूमिका रही।

# निर्माणाधीन मकान की छत से गिरकर मजदूर की मौत

**कटनी।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत बहोरीबंद-सलैया मुख्य मार्ग पर एक निर्माणाधीन मकान की छत से गिरकर एक 23 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। बहोरीबंद थाना प्रभारी रेखा प्रजापति के मुताबिक ग्राम सुपेली निवासी 23 वर्षीय नारायण पिता महिपाल सिंह गौड़ बहोरीबंद-सलैया मुख्य मार्ग पर अनिल गुप्ता के निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था। सोमवार 17 जनवरी की दोपहर करीब एक बजे नारायण सिंह अचानक निर्माणाधीन मकान की छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर अवस्था में उसे उपचार के लिए बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।


**आवश्यकता है**

CCTV IP Camera Installation हेतु जानकार लड़कों ( Technician) की आवश्यकता है, योग्य व्यक्ति ही संपर्क करें। Technician के पास स्वयं का स्मार्टफोन होना अनिवार्य है। वेतन योग्यतानुसार।

संपर्क- माधव इलेक्ट्रॉनिक्स झूलेलाल मंदिर के पास, गुरूनानक वार्ड, कटनी मो. 7000922945, 9300937907

**बेचना है**

द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें- मो. 9977761441 9425859026

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी फोन-07622-236253, मो. 6266203009



**15 वीं पुण्यतिथि**

**स्व. श्री ए. पी. सिंह**



बैकुंठवास - 18.01.2007

झेलकर खुद गमों को, हमें आपने हर खुशी दी,
खुद चलकर कांटों में, फूलों से भरी हमें जिंदगी दी,
क्यों दूर चले गए आप, याद बहुत आती है,
रूलाकर ही जाना था, तो क्यों मुस्कराती जिंदगी दी

श्रीमती शांता सिंह (पत्नी), श्रीमती मंजू-नरेश सिंह श्रीमती मंजू-डॉ. राजेन्द्र सिंह राजपूत, स्व.श्रीमती आरती-महेन्द्र राजपूत, श्रीमती ज्योति-डॉ. सुरेन्द्र राजपूत, श्रीमती लक्ष्मी-डॉ. वीरेन्द्र राजपूत, श्रीमती प्रीति-डॉ. मनोज खरे, पलक, मेघा, जूनी, अमन, लक्ष्य एवं समस्त राजपूत परिवार, कटनी


# बेपटरी होते बची भागलपुर-सूरत एक्सप्रेस

**कटनी साउथ-निवार के बीच टूटी बोगी की स्प्रिंग, कटनी-जबलपुर रेलखंड पर कई घंटे प्रभावित रहा रेल यातायात**



**कटनी।** भागलपुर से सूरत के बीच कटनी जंक्शन होकर चलने वाली भागलपुर-सूरत सुपरफास्ट एक्सप्रेस देरात कटनी साउथ व निवार स्टेशन के बीच बेपटरी होते बच गई। इस संबंध में रेलसूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 22948 भागलपुर-सूरत सुपरफास्ट एक्सप्रेस कलरात लगभग 30 मिनट विलंब से कटनी पहुंची और निर्धारित समय तक ठहराव लेने के बाद जबलपुर के लिए रवाना हो गई। बताया जाता है कि इसी दौरान कटनी साउथ व निवार स्टेशन के बीच ट्रेन की एक बोगी के नीचे लगी स्प्रिंग टूट गई और बोगी से तेज आवाजे आना शुरू हो गई। जिसके बाद चालक ने ट्रेन को रोक की और इसकी सूचना ऊपर दी। जिसके बाद दुर्घटना राहत दल मौके पर पहुंचा और टूटी स्प्रिंग को सही किया। जिसके बाद ट्रेन को आगें के लिए रवाना किया गया। इस दौरान कई घंटे ट्रेन घटनास्थल में खड़ी रही तथा दुर्घटना की वजह से कटनी-जबलपुर रेलखंड की अन्य ट्रेनें भी प्रभावित हुईं। रेलसूत्रों का कहना है कि यदि चालक ने समय रहते ट्रेन को न रोका होता तो स्प्रिंग टूटने की वजह से भागलपुर-सूरत एक्सप्रेस बेपटरी भी हो सकती थी और एक बड़ी रेल दुर्घटना घट सकती थी।


**देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक**

**डॉ. कनिका अग्रवाल**

M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)

सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ

पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई

कील मुहाँसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर

मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।

महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274



CITY Mall

ASSOCIATED WITH

BIG BAZAAR, Reliance digital, TRENDS, PLANET FASHION, U-TURN, BOLSA, GALAXY, City PRIDE Cinema, Food Junction The Food Court, HOTEL GRAND MERIDIAN, FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant, GRAVITY THE PUB

EVERYTHING UNDER ONE ROOF

AVAILABLE FACILITIES

SHOPPING, FUN, FOOD, ENTERTAINMENT, HOSPITALITY

City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P) Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com



**JOHNSON** Not just tiles, Lifestyles.




सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668



**रत्ना मैरिज गार्डन**

मुड़वारा स्टेशन के पास

शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर

बजट आपका व्यवस्था हमारी

एक बार अवश्य पधारें

शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से

पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था



पाठक वार्ड, कटनी

संपर्क :- 9425466630, 7999523588

शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान

कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)